अति महत्वपूर्ण परिपत्र

कार्यालय, रक्षा लेखा नियंत्रक,

नं.1, स्टाफ रोड, सिकंदराबाद - 500 009.

दूरभाष/Tel : 040-27843385 **फैक्स**/Fax : 040-27817275

सं.प्रशा/II/5525/AEBAS/2015 दिनांक : 07.04.2015

सेवा में,
सभी अधीनस्थ कार्यालय (मानक सूची के अनुसार)
मुख्य कार्यालय के सभी ग्रूप अधिकारी/व.ले.अ./ले.अ.
मुख्य कार्यालय के सभी अनुभाग ।

विषय : आधार संख्या के साथ सक्रिय की गई बायोमेट्रिक उपस्थिति पद्धति में नामांकन ।

*****

मुख्यालय कार्यालय के दिनांक 20.02.2015 के पत्रांक AN/III/3012/Misc/BAS के अंतर्गत निदेश दिया गया है कि इस संगठन के अधीन आने वाले सभी कार्यालयों में उपस्थिति तैयार करने के लिए आधार संख्या के साथ सक्रिय की गई बायोमेट्रिक उपस्थिति पद्धति (AEBAS)को लागू किया जाए । AEBAS को सभी कार्यालयों (संबद्ध/उप-कार्यालयों सहित) में स्थापित किया जाना है । इस पद्धति का उद्देश्य बायोमेट्रिक अधिप्रमाणन के माध्यम से आधार संख्या प्राप्त कर्मचारी को कार्यालयों में अपनी उपस्थिति को पंजीकृत करना है । इस प्रयोजन के लिए प्रत्येक कार्यालय में अधिप्रमाणन टैबलेट/डेस्कटॉप अधिप्रमाणन साधनों को स्थापित किया जाएगा ।

उपरोक्त के संदर्भ में, सभी अधिकारियों/कर्मचारियों को सूचित किया जाता है कि वे http://cdasc.attendance.gov.in वेबसाइट पर सीधे ही अपने-आप को नामांकित करें । इस संबंध में किसी भी तकीनीकी सहायता के लिए अपने ई.डी.पी. अनुभाग से संपर्क करें ।

इस नामांकन प्रक्रिया में, उनके अधीनस्थ स्टाफ (एम.टी.एस एव अन्य कर्मचारी सहित) के नामांकन के लिए सभी व.ले.अ./ले.अ. उत्तरदायी हैं । सभी व.ले.अ./ले.अ., व्यक्तिगत रूप से सुनिश्चित करें कि उनके अधीन सेवारत सभी कर्मचारी अनिवार्य रूप से दिनांक 10.04.2015 तक उपस्थिति पोर्टल पर अपने आप को पंजीकृत करा लें ।

नामांकन के लिए कर्मचारी की आधार संख्या, मोबाइल संख्या, ई-मेल पता और फोटोग्राफ की साफ्ट कॉपी (100 kb से कम साइज़ की jpg फार्मेट में) अनिवार्य हैं ।

नामांकन प्रक्रिया का संपूर्ण विवरण इस पत्र के साथ संलग्न है जिसका अनुपालन नामांकन करते समय किया जाए । http://cdasc.attendance.gov.in के उपस्थिति पोर्टल पर अनिवार्य रूप से दिनांक 10.04.2015 तक सभी अधिकारियों/कर्मचारियों की नामांकन प्रक्रिया को पूरा कर लिया जाए ।

हस्ता/-
रक्षा लेखा सहायक नियंत्रक (प्रशा)